18

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) अनूपगढ़।

प्रकरण संख्या :– ...11....../2018

प्रार्थना–पत्र :– मल्लुराम पुत्र सोहनलाल जाति कुम्हार निवासी 3 वाई तहसील श्रीगंगानगर।

निर्णय

दिनांक :– 5/3/18

प्रार्थी मल्लुराम पुत्र सोहनलाल जाति कुम्हार निवासी 3 वाई तहसील श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में दिनांक 06.02.2018 को एक प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि चक 4 के एस एम (ए) में प. नं. 286/388 व 285/389 में मुस्तरका खाते में सोहनलाल पुत्र देवाराम जाति कुम्हार के नाम से खातेदारी भूमि है। प्रार्थी सोहनलाल के गोद गया है गोदनामा उप पंजियक श्रीगंगानगर से दिनांक 25/01/1991 को पंजीबद्ध है जिसकी प्रति सलंग्न है। प्रार्थी ने सोहनलाल का मृत्यु प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर गोदनामा के आधार सोहनलाल के नाम की भूमि का नामान्तरण अपने नाम किये जाने का निवेदन किया है।

प्रार्थी मल्लुराम के उक्त प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करने पर पत्रावली संधारित कर पेशी पर ली गई। पटवारी हल्का से मौका व रिकार्ड की विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई तथा सार्वजनिक सूचना दैनिक समाचार पत्र में छाया करवाकर प्रार्थी के ईन्तकाल प्रार्थना–पत्र की पुष्टि में साक्ष्य व सबूत प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। मुताबिक रिर्पोट पटवारी हल्का के चक 4 के एस एम (ए) के मु.न. 286/388 व 285/389 कुल रकबा 12.525 हैक्टर कमाण्ड में से 1/9 हिस्सा सोहनलाल पुत्र देवाराम के नाम राजस्व में दर्ज है उपरोकत रकबा पर किसी न्यायालय का वाद या स्थगन नहीं है भूमि मौका पर मल्लूराम द्वारा काश्त की जा रहीं है तथा सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक 09.02.2018 समाचार पत्र हांसल समाचार में प्रकाशित करवाई गई, जिस पर आज तक किसी ने कोई उज्र वा एतराज पेश नहीं किया है। इस प्रकरण में खातेदार सोहनलाल पुत्र देवाराम द्वारा प्रार्थी मल्लुराम को पंजिबद्ध गोदनामा से गोद लिया गया है।

उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी मल्लुराम का हस्तगत गोदनामा के आधार पर नामान्तरण प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है पटवारी हल्का गोदनामा के आधार पर सोहनलाल पुत्र देवाराम के नाम की चक 4 के एस एम (ए) की खातेदारी भूमि का नामान्तकरण मल्लुराम दत्तक पुत्र सोहनलाल जाति कुम्हार निवासी 3 वाई तहसील श्रीगंगानगर के नाम से दर्ज किया जावे तथा पालना रिपोर्ट इस कार्यालय में प्रस्तुत की जावे। पत्रावली नम्बर शुमार से कम होकर बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो।

निर्णय आज दिनांक 5/3/18 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

तहसीलदार (भू.अ.)
अनूपगढ़

तहसीलदार (भू.अ.)
अनूपगढ़